भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड
भागलपुर नगर निगम
कोर्ट कंपाउण्ड, भागलपुर– 812001

NIA No- NIA/BSCL/Scrap/2023/01	**Dated 24.05.2023**

स्क्रैप सामग्रियों की अल्पकालीन नीलामी आमंत्रण

सैन्डिस कम्पाउण्ड, भागलपुर में मौजूद पुरानी संरचनाओं की नीलामी किया जाना है। उक्त संरचनाओं का मूल्याकंन विशेषज्ञों द्वारा किया गया है। मूल्याकंन की राशि 7,53,000/–रू० है। इन सामग्रियों की नीलामी हेतु सीलबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्रियों की अनुमानित विवरणी निम्नवत है:–

क्र० सं०	स्क्रैप की विवरणी	अनुमानित मात्रा (किलोग्राम में)
1	Indian Standard Medium Beam - 400	1722
2	Indian Standard Medium Beam - 250	2387
3	Indian Standard Medium Beam - 200	4404
4	Indian Standard Medium Beam - 150	180
5	Angle (50X 50 X50)	10260
6	GI Wire Net	3000
7	Light Poles/Posts	4000
	Total	**25,953**

नीलामी हेतु निविदादाताओं के लिए आवश्यक नियम एवं शर्तें:–

1. उपरोक्त नीलामी "जैसे के वैसी स्थिति में" पर आधारित है।
2. उपरोक्त सामग्रियों का मूल्याकंन समिति द्वारा निर्धारित मूल्य 7,53,000/– रू० है।
3. सुरक्षित धनराशि के रूप में जमा की जाने वाली राशि कुल प्रस्तावित मूल्य का 10% धनराशि संरक्षित जमा (अग्रधन) के रूप में बैंक ड्राफ्ट निविदादाता को दिनांक – 06/06/2023 को कार्यालय अवधि में अपराह्न 5 बजे तक जमा करना होगा। सुरक्षित धनराशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में CEO, Bhagalpur Smart City Limited, Payable at Bhagalpur के पक्ष में देय होगा। सफल निविदादाता को LOA प्राप्त करने के 7 दिनों के अंदर शेष धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। असफल निविदादाता की सुरक्षित धनराशि निविदा प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत वापस कर दी जाएगी। अगर सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि में प्रस्तावित राशि की शेष धनराशि भुगतान नहीं की जाती है तो उनकी सुरक्षित जमा राशि जब्त करते हुए द्वितीय उच्चतम निविदादाता (H2) को उनके द्वारा नीलामी के समय प्रस्तावित राशि पर कार्य

आवंटन किया जायेगा एवं इसी प्रकार उक्त प्रक्रिया क्रमशः तृतीय, चतुर्थ निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं के लिए जारी रहेगा।

4. सफल निविदादाताओं को निर्धारित अवधि के भीतर शेष संपूर्ण राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा करने एवं स्मार्ट सिटी के खाते में निकासी हो जाने के तत्काल उपरांत उन्हें कार्यादेश निर्गत किया जाएगा।
5. उच्चतम निविदादाता (H1) को सफल घोषित किया जायेगा।
6. (क) आधार कार्ड (ख) पैन कार्ड (ग) दो रंगीन पास पोर्ट आकार की फोटो (घ) पिछले तीन साल का इनकम टैक्स की प्रति (ड) जी०एस०टी० पंजीकरण की प्रति (च) अद्यतन जी०एस०टी० रिटर्न की प्रति। उक्त प्रतियों को स्व–अभिप्रमाणित करते हुए सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तावित राशि के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, भागलपुर के पास किसी भी समय बिना कारण बताए नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
8. किसी भी तरह के विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक प्रक्रिया भागलपुर अधिकार–क्षेत्र (Bhagalpur Jurisdiction) में होगा।
9. नीलामी निविदा से संबंधित मुख्य तिथि निम्नवत हैः–
   - निविदा जमा करने की तिथि : 06/06/2023 अपराह्न 5 बजे तक।
   - निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय : 07/06/2023 अपराह्न 1 बजे, स्थानः भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, भागलपुर नगर निगम, कोर्ट कंपाउण्ड।
10. सफल निविदादाता को सामग्रियों के उठाव हेतु 7 दिनों का समय दिया जाएगा। निर्धारित अवधि में सामग्रियों का उठाव नहीं करने पर प्रस्तावित राशि का 0.05% प्रतिदिन के आधार पर दण्ड देय होगा।

Inspection – 2 days (30/05/2023 and 31/05/2023) (11 am to 4 pm)

इच्छुक फर्म/एजेन्सी/व्यक्ति सामग्रियों का निरीक्षण दिनांक– 30.05.2023 एवं 31.05.2023 को 11 बजे पूर्वाहन से 4 बजे अपराह्न तक कर सकते हैं। इसके लिये श्री मनीष कुमार सिंह, मोबाइल सं० – 9262695943 पर संपर्क कर सकते हैं।

उपस्थित होनेवाले निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे इस सूचना कि हार्ड कॉपी भागलपुर स्मार्ट सिटी लि० के वेबसाइट www.smartcitybhagalpur.org से प्राप्त करने के उपरांत विधिवत हस्ताक्षर और सीलबन्द कर अपने प्रस्ताव के साथ भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, भागलपुर के कार्यालय में निविदा बॉक्स में जमा करेंगें।

प्रबंध निदेशक,
भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, भागलपुर